प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18.07.2024 संध्या 1900 बजे

मुख्य समाचार

1. **सुप्रीम कोर्ट ने नीट पेपर लीक मामले में एनटीए को सभी अभ्यार्थियों के अंक प्रकाशित करने का दिया निर्देश, अगली सुनवाई 22 जुलाई को, पटना एम्स से सीबीआई ने चार डॉक्टरों को लिया हिरासत में।**
2. **करीब चौदह अरब रुपये के बैंक घोटाला मामले में जमशेदपुर के हाईको इंजीनियरिंग कंपनी में इडी की छापेमारी, देश के पांच शहरों के 15 ठिकानों पर जांच एजेंसी की दबिश।**
3. **न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद झारखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त, केन्द्रीय कानून मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना।**
4. **झारखंड हाईकोर्ट ने संताल परगना क्षेत्र में बांगलादेशी घुसपैठ से जुड़ी याचिका पर की सुनवाई, कनीय अधिकारियों से शपथ पत्र दायर कराने पर सरकार के प्रति जतायी नाराजगी।**
5. **खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने औचक निरीक्षण में सरायकेला के एफसीआई गोदाम में पकड़ी कई गड़बड़ियां, दिये जांच के आदेश।**

****

नीट यूजी पेपर लीक मामले में 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को आदेश दिया है कि परीक्षा का रिजल्ट 20 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक जारी किया जाए। शीर्ष अदालत ने एनटीए को निर्देश दिया है कि वह नीट–यूजी परीक्षा में छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों को अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करे और छात्रों की पहचान गुप्त रखी जाए। इस मामले की अगली सुनवाई अब 22 जुलाई को होगी।

****

इधर, नीट–यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के चार डॉक्टरों को हिरासत में लिया है।

****

नीट परीक्षा में कथित धांधली को लेकर रांची महानगर युवा कांग्रेस की ओर से आज अल्बर्ट एक्का चौक के समीप विरोध प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष गौरव सिंह ने कहा कि परीक्षा में हुई धांधली से देश के लाखों बच्चों का भविष्य अधर में लटक गया है।

****

करीब चौदह अरब रुपये के बैंक घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय– ईडी आज राज्य के जमशेदपुर समेत देश के पांच शहरों में छापेमारी कर रही है। जमशेदपुर के अलावा दिल्ली, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़ और बहादुरगढ़ के 15 ठिकानों पर ईडी की टीम ने दबिश दी है। सीबीआई ने पिछले दिनों बैंक घोटाले का पर्दाफाश किया था। जांच एजेंसी ने इस मामले में जमशेदपुर की कंपनी हाईको इंजीनियर्स लिमिटेड सहित नौ कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

****

देश भर में एक जुलाई से लागू हुए तीन नये आपराधिक कानूनों को राज्य में खूब सराहना मिल रही है। कानून के जानकारों का कहना है कि नये कानून से त्वरित न्याय की परिकल्पना साकार होगी। रामगढ़ के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक कुमार दुबे ने कहा कि नए कानूनों में दंड की जगह न्याय को प्राथमिकता मिलेगी।

इधर, अधिवक्ताओं ने भी नये कानूनों का स्वागत किया है। रामगढ़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल का कहना है कि ये कानून न्यायिक व्यवस्था में मील का पत्थर साबित होंगे।

****

झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का रिजल्ट अब तक जारी नहीं होने से नाराज अभ्यर्थियों ने भी राजभवन के समक्ष धरना दिया।

****

स्थायीकरण की मांग को लेकर आज से राज्य के लगभग 5000 मनरेगा कर्मी तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर चले गए हैं। अपनी मांगों पर जोर डालने के लिए मनरेगाकर्मियों ने आज रांची में राजभवन के समक्ष धरना दिया। इस मौके पर मनरेगा कर्मियों ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया।

****

झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना केंद्रीय कानून मंत्रालय ने जारी कर दी है।

****

संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले पर दायर जनहित याचिका पर आज झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने कनीय अधिकारियों द्वारा शपथ पत्र दाखिल कराने पर राज्य सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की।

****

राज्य के वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने आज लोहरदगा जिले में कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। उन्होंने

छात्र–छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण करने के साथ ही आदिवासियों के बीच वन पट्टे भी बांटे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार लोगों के जीवन स्तर में सुधार के लिए कई कदम उठा रही है।

****

राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने आज सरायकेला–खरसांवा जिले के सरायकेला प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित एफसीआई गोदाम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अनाजों के स्टॉक में गड़बड़ियां पकड़ी है। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच के आदेश दिये गये हैं।

****

लातेहार जिले में 13 जुलाई से बैक टू स्कूल कैंपेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

****

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत आज गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखण्ड स्थित गैर सरकारी संस्था विकास भारती परिसर में ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए हुए। इस दौरान संघ प्रमुख ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया।

****

पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के द्वितीय जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत ने छह लोगों को दुष्कर्म और हत्या के मामले में सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर 20–20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।